## जाम से परेशान बानो मंजिल रोड के दुकानदारों ने कहा

# जी के जंजाल बने विद्युत पोल और ट्रांसफॉर्मर

**काजल मेहता**



यह हाल हैं रांची का

**रांची।** राजधानी रांची में राज्य के हर जिले से लोग आते हैं। कोई पढ़ने, तो कोई काम करने आता है। नेता, विधायक या मंत्री सबका केंद्र राजधानी रांची ही है। वैसे भी राजधानी से राज्य के सभी लोगों की उम्मीदें होती हैं। राज्य के लोगों की इच्छा होती है कि वे राजधानी रांची आएं। लेकिन, यहां जब सड़क जाम से उनका सामना होता है, तो वे हैरान-परेशान रह जाते हैं। रांची में सड़क जाम के लिए कहीं प्रशासन की लापरवाही जिम्मेदार है, तो कहीं खुद वाहन चालक। वैसे तो रांची के शहरी इलाकों में अक्सर ही जाम का माहौल बना रहता है। लेकिन, आज हम बात करेंगे राजधानी के बानो मंजिल रोड की। यहां सड़कों के किनारे बिजली पोल और ट्रांसफॉर्मर लगे हैं और इस कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। बिजली पोल और ट्रांसफॉर्मर जी का जंजाल बना हुआ है। शनि मंदिर चौक के पास से बानो मंजिल की और बढ़ते ही सामने बायीं ओर का रास्ता टूटा हुआ है। इसे बना दिया जाए, तो वाहनों को गुजरने में आसानी होगी। पर, इस पर शासन-प्रशासन का ध्यान जाता ही नहीं है। दुकान संचालकों ने बताया कि बानो मंजिल रोड में लगे ट्रांसफॉर्मर के कारण जितनी परेशानियों का सामना वाहन चालकों को करना पड़ता है, उतनी ही परेशानी उन्हें भी होती है। उन्होंने बताया कि जाम के कारण हमारे दुकानों के आगे गाड़ियां लगी रहती हैं, जिस से परेशानी होती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार नो एंट्री के बाद बड़े वाहन जब इस रास्ते से गुजरते हैं, तो सड़क की कुछ ही ऊंचाई पर लगे बिजली के तारों को तोड़ देते हैं। इससे कई बार बाइक चालक दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं।

### दिनभर खड़े रहते हैं बड़े वाहन


नो एंट्री के बाद बड़े वाहन गुजरने से टूट जाते हैं बिजली के तार

बानो मंजिल रोड के पहाड़ी मंदिर वाले इलाके में जाम लगने का अलग कारण है। यहां सड़कों पर ही बड़े वाहन खड़े कर दिए जाते हैं और इससे जाम की स्थिति बनी रहती है। आसपास के दुकान संचालकों ने बताया कि बड़े वाहनों के खड़े रहने के कारण लंबा जाम लग जाता है। उन्होंने बताया कि कुछ वाहन दिनभर खड़े रहते हैं। नो एंट्री खत्म होने के बाद रात्रि में ही निकलते हैं। इस कारण दिन में अधिकतर समय जाम की परेशानी रहती है। सूत्रों के अनुसार, वाहन खडे करने के एवज में रांची नगर निगम के कुछ कर्मचारियों द्वारा ट्रांसपोर्ट और ट्रक चालकों से पैसे भी वसूले जाते हैं।

## जन शिकायत के लिए रांची उपायुक्त ने जारी किया नंबर

# अब जनता कर सकेगी 24 घंटे शिकायत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को आम जनता के लिए जन शिकायत नंबर जारी किया। जिला प्रशासन नंबर 9430328080 पर रांची वासियों से शिकायत प्राप्त करेगा। उपायुक्त ने आधिकारिक तौर पर इस नंबर की पायलट लांचिंग की।उपायुक्त के आवसीय गोपनीय स्थित सभाकक्ष से नंबर की लांचिंग करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों की सुविधा और उनकी शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन की ये पहल है। समय के साथ इस प्लेटफार्म के माध्यम से शिकायत प्राप्त करने और समाधान की प्रक्रिया को और बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि व्हाट्सअप ग्रुप 9430328080 चौबीस घंटे क्रियाशील रहेगा। इस ग्रुप के अनुश्रवण के लिए जिला स्तर पर नोडल पदाधिकारी को नामित किया गया है। साथ ही, उनके सहयोग के लिए दो अन्य पदाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। व्हाट्सएप ग्रुप 9430328080 पर समाहरणालय अवस्थित विभिन्न शाखाओं में होने वाले कार्यों तथा आम लोगों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के तत्काल समाधान के लिए तीन पालियों में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इनकी कार्यावधि सुबह 06:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक, दोपहर 02:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक एवं रात्रि 10:00 बजे से सुबह 06:00 बजे तक होगी। प्रतिनियुक्त कर्मी प्राप्त शिकायत ससमय संबंधित विभाग को अग्रसारित करेंगे। साथ ही, की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।



## रांची डीसी ने समाहरणालय परिसर का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय परिसर की साफ-सफाई एवं रख-रखाव का जायजा लिया। उपायुक्त (डीसी) ने शौचालय की स्वच्छता, समाहरणालय प्रांगण के सुंदरीकरण और पेयजल क्षेत्र की सफाई पर विशेष ध्यान देने को लेकर कई निर्देश दिए।

उपायुक्त ने अग्निशमन और ड्रेनेज की व्यवस्था को दुरुस्त करने और समाहरणालय में सौर ऊर्जा प्रणाली के विषय में जानकारी ली। उपायुक्त ने इस दौरान सभी अंचल और प्रखंड कार्यालय में पदाधिकारियों की उपस्थिति की जानकारी गूगल लोकेशन के माध्यम से ली।

उपायुक्त ने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर समाहरणालाय स्तर के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों की आईडी एवं कर्मियों की उपस्थिति तथा जन शिकायत कोषांग के कार्यों की जानकारी भी ली। इस मौके पर साफ-सफाई के लिए प्रतिनियुक्त नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस मनाएगा 'पुष्पा इंपॉसिबल'

**रांची।** सोनी सब लंबे समय से अपने प्रगतिशील और सशक्तीकरण का संदेश देने वाले शो के लिए जाना जाता है। दुनिया 3 दिसंबर को दिव्यांग व्यक्तियों के अंतरराष्ट्रीय दिवस को मनाने के लिए तैयार है। 'पुष्पा इंपॉसिबल' शो के लांच के समय चैनल ने विशेष रूप से सक्षम अभिनेता हंस असलोट को डाउन सिंड्रोम वाले एक पात्र गोलू के रूप में कास्ट करके समावेशिता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दिखाई है। यह निर्णय न केवल उन्हें अपने साथी अभिनेताओं के साथ कहानी में जोड़ता है, बल्कि उनकी ताकत, सपनों और योगदान पर भी जोर देता है, जो कहानी कहने के लिए एक अधिक समावेशी दृष्टिकोण प्रदर्शित करता है। यह एपिसोड विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा और कहानियों को भी प्रदर्शित करेगा, जो इस तरह की कहानियों के समाज पर पड़ने वाले गहन प्रभाव की मार्मिक याद दिलाता है।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने लगाया आई चेकअप कैंप




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने सोमवार को स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल किशोरगंज में आई चेकअप कैंप (नेत्र जांच शिविर) लगाया। यह कैंप शार्प आई हॉस्पिटल के सौजन्य से 12 महीने 12 निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के अंतर्गत सातवें शिविर के रूप में लगा। इसमें बच्चों और शिक्षकों का निःशुल्क आई चेकअप कराया गया। मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया कि आई चेकअप कैंप में बच्चों के बीच एक अवेयरनेस सेशन भी कराया गया। इस कार्य में स्कूल प्रबंधन का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ। इस शिविर से 60 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। उन्होंने बताया, इस शिविर के आयोजन के लिए स्वास्थ्य प्रभारी कोमल झुनझुनवाला व संयोजिका आशा सर्राफ ने बहुत अच्छी तैयारी की थी। इस कार्यक्रम में शुभा अग्रवाल, आशा सराफ, कोमल पोद्दार, पूजा अग्रवाल और अन्य सदस्य मौजूद थीं।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**रांची।** लापुंग प्रखंड के लतरातु स्थित पंचायत भवन में कुष्ठ रोग एवं गैर संचारी रोग से संबंधित स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कुल 140 लोगों का उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि विभिन्न बीमारियों से संबंधित जांच किया गया। कुष्ठ रोग से संबंधित जांच के दौरान तीन कुष्ठ रोगी पाए गए, जिनका इलाज शुरू करते हुए उन्हें एमडीटी की दवा दी गई। साथ ही, समय-समय पर जांच कराने को भी कहा गया। कैंप में जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ सीमा गुप्ता, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी लापुंग डॉक्टर नमिता लकड़ा, डॉ दीपशिखा, डॉ प्रीति लता, पुष्पा कुमारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

## हेमंत सरकार बनने से झारखंडियों में खुशी की लहर : महेश कुमार

**रांची।** जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि राज्य में गठबंधन सरकार बनने से झारखंडियों में खुशी की लहर है। राज के आदिवासी मूलवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े सभी लोगों का कहना है कि हेमंत सोरेन सरकार के नेतृत्व में झारखंडियों की अपनी सरकार बनी है। यह सरकार झारखंडी हित में अच्छे काम करेगी, जिससे झारखंड राज्य के मूल निवासियों का विकास होगा। उनके विकास के लिए अच्छे निर्णय भी सरकार लेगी। लोगों को रोजी-रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में जाना नहीं होगा। सरकार पढ़े-लिखे बेरोजगारों को राज्य में खाली पड़े पदों में नियुक्तियां करेगी। स्थानीय नीति नियोजन नीति से राज्य के मूल निवासियों को भला होगा। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति की सरकार लागू करेगी। उन्होंने कहा है कि सरकार के अधिकारी और सरकारी कर्मचारी सरकार और जनता के हित में कार्य करें। भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं दें। जनता का विश्वास जीतें, जिससे राज्य और जनता का कल्याण होगा।

# डीएसपीएमयू की पुरानी बिल्डिंग में शौचालय की हालत खराब

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों को पढ़ाने के साथ-साथ प्रबंधन को विवि की व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखना जरूरी है। विद्यार्थी जबतक विश्वविद्यालय परिसर में रहेंगे, तबतक उनकी बुनियादी सुविधाओं का भी ख्याल रखना होता है। लेकिन, रांची स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) इस समय विद्यार्थियों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने में असमर्थ साबित हो रहा है। ज्ञात हो कि रांची कॉलेज को वर्ष 2017 में विश्वविद्यालय में अपग्रेड किया गया था।शुरुआती दिनों में डीएसपीएमयू में सभी तरह की व्यवस्था बेहतर थी। लेकिन, आज की तारीख में विश्वविद्यालय में महिला और पुरुष दोनों के शौचालयों की हालत बद से बदतर है। वहीं, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लाक में शौचालय एकदम चकाचक है। डीएसपीएमयू में विद्यार्थियों की संख्या अच्छी खासी है। पर, विश्वविद्यालय की पुरानी इमारत में विद्यार्थियों के लिए शौचालय की व्यवस्था अच्छी नहीं है। डीएसपीएमयू में लगभग हर विभाग में दो से तीन महिला और पुरुष शौचालय बनाए गए हैं। लेकिन, सभी शौचालय सफाई के मोहताज हैं। दूसरी ओर, शौचालयों में पानी ऊपर तक आ गया है।

सीधा कहा जाए, तो यह शौचालय ना ही पुरुषों के इस्तेमाल करने के लायक है और ना ही महिलाओं के। वहां भारी बदबू तो है ही, विद्यार्थियों में बीमारियां भी फैल सकती हैं। लेकिन, विश्वविद्यालय प्रबंधन मौन है। इस मुद्दे पर जब डीएसपीएमयू के विद्यार्थियों से बात की गई, कई बातें सामने आईं। डीएसपीएमयू के शुभम ने कहा, जब से विश्वविद्यालय में पढ़ाई करने आया हूं, तबसे शौचालयों की यही हालत है। सिर्फ पुरुष शौचालय नहीं, बल्कि महिला शौचालयों की भी हालत खराब है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन की इस लापरवाही से विद्यार्थी गंभीर बीमारी का शिकार हो सकते हैं। वहीं, विद्यार्थी ऋतिक ने बताया कि विश्वविद्यालय की यह सबसे बड़ी परेशानी है। पुरानी बिल्डिंग में शौचालय इतने खराब हैं कि हमें इमरजेंसी में भी बाहर ही जाना पड़ता है।

बदबू, गंदगी दोनों ही हद से ज्यादा हैं। उन्होंने कहा, प्रबंधन को अपने विद्यार्थियों के बारे में भी सोचना चाहिए। इस विषय पर प्रबंधन के पीआरओ राजेश कुमार सिंह से संपर्क करने पर और सवाल किए जाने पर उन्होंने कहा, वाइस चांसलर जवाब देंगे। जब वाइस चांसलर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन डिसकनेक्ट कर दिया।

### कई बार सफाई की मांग की गई, लेकिन केवल आश्वासन मिला : सतीश केशरी



एबीवीपी की डीएसपीएमयू इकाई के अध्यक्ष सतीश केशरी ने कहा, वर्ष 2021 में जैसी हालत थी विश्विद्यालयों के शौचालयों की ,आज भी वही हालत है। उन्होंने कहा, कई बार प्रबंधन से रोजाना सफाई की मांग की गई, ज्ञापन सौंपे गए, लेकिन हर बार हमें केवल आश्वासन ही मिला। प्रबंधन विद्यार्थियों की सेहत से खिलवाड़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक-दो बार सफाई की गई, लेकिन सफाई के नाम पर मात्र लीपापोती हुई। उन्होंने कहा, शौचालयों में लाइट, पानी, सफाई, हैंडवाश जैसी किसी भी जरूरत को पूरा नहीं किया गया है।

### एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक में जाने वाली महिलाएं इंसान, तो हम क्या हैं : अक्षिता वर्मा



डीएसपीएमयू में पढ़ाई कर रही अक्षिता वर्मा ने कहा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि के पुरानी बिल्डिंग में शौचालय की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि यहां क्लास करने वाली लड़कियां इमरजेंसी में भी इसका इस्तेमाल नहीं कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि एबीवीपी की ओर से कई बार सफाई की मांग प्रबंधन से की गई, लेकिन प्रबंधन ने हमेशा इसे नजरअंदाज किया। उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा, अगर प्रबंधन की एडमिनिस्ट्रेशन ब्लाक में जाने वाली महिलाएं इंसान हैं, तो हम क्या हैं? मौजूद अन्य युवतियों ने कहा, यह हमारा दुर्भाग्य है कि प्रबंधन अपने ही विद्यार्थियों की बुनियादी सुविधाओं को पूरा नहीं कर पा रही है।

## समाहरणालय के ब्लॉक 'बी' की अंडरग्राउंड पार्किंग का हाल बेहाल

# वर्षों से पड़ी हैं कबाड़ गाड़ियां




**मनोज मिश्रा**

**रांची।** यूं तो पार्किंग प्लेस में गाड़ियों की पार्किंग होती है, मगर समाहरणालय के ब्लॉक 'बी' की अंडरग्राउंड पार्किंग को देखकर लगता है कि यह पुरानी खराब सरकारी गाड़ियों का गोदाम है। एक एंबेसडर, दो जीप, एक जिप्सी, दो टाटा स्पेशियो सहित और भी गाड़ियां वर्षों से यहां पड़ी हैं। इन गाड़ियों को स्क्रैप में बेचने की आवश्यकता है, मगर प्रशासन इसे क्यों संभाल कर रखे हुए है, यह लोगों की समझ से परे है।


प्रतिदिन हजारों लोग समाहरणालय के ब्लॉक 'बी' में आते हैं और यहां अपनी गाड़ियों को पार्क करते है। विदित हो कि यहां फोर व्हीलर पार्क करने का एक ही स्थान है, और वह है अंडरग्राउंड पार्किंग। ऑफिस के स्टाफ भी यहां अपनी मोटरसाइकिल खड़ी करते हैं। लेकिन, जब पुरानी गाड़ियों का ही ढेर लगा हो, तो दूसरी गाड़ियों के लिए स्थान कहां से बचेगा।

कई उपायुक्त जिले में आए और गए, लेकिन किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। कबाड़ की गाड़ियों को वर्षों से नहीं हटाना प्रशासनिक विफलता का मिसाल है।

## दिव्यांग के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलना है दिव्यांगता दिवस का उद्देश्य

# दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाए : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



दिव्यांगता दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 1992 में हुई थी

**अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस (3 दिसंबर) पर विशेष**

अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस हर वर्ष 3 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य समाज में दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, उनके लिए अवसरों और सामाजिक समावेशन को बढ़ावा देना है। ये जानकारी देते हुए इंडिया पैरालंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के पूर्व मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 1992 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी।

संजय सर्राफ ने कहा, इसके पीछे मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समाज का दृष्टिकोण बदलना है। साथ ही, उन्हें समान अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ जीवन जी सकें। उन्होंने कहा, दिव्यांगता सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और संवेदनात्मक भी हो सकती है। दिव्यांगता का सामना करने वाले लोग किसी भी उम्र के हो सकते हैं और उनकी चुनौतियां अलग-अलग हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि यह दिन इस बात को रेखांकित करता है कि दिव्यांगता के बावजूद एक व्यक्ति समाज में समान रूप से कार्य कर सकता है, यदि उसे सही समर्थन और अवसर मिलें। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को जागरूक करना है कि वे किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना किए बिना समाज में पूरी तरह से भागीदार बन सकते हैं। इसके तहत कई प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जैसे कि कार्यक्रम, संगोष्ठियां, कार्यशालाएं और विभिन्न अभियानों का आयोजन किया जाता है, जिससे समाज में दिव्यांगों के प्रति जागरूकता बढ़ सके।



संजय सर्राफ ने कहा, दिव्यांगता के बावजूद इन व्यक्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों में अपार सफलता प्राप्त की है। चाहे वह खेल, कला, विज्ञान या अन्य कोई क्षेत्र हो, इन व्यक्तियों ने अपनी मेहनत, साहस और आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बनाई है। खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले व्यक्ति दिव्यांगता के बावजूद युवाओं की प्रेरणा के स्रोत बने हैं। समाज में दिव्यांगता के प्रति बदलाव लाने के लिए कई सरकारें और गैर-सरकारी संगठन काम कर रहे हैं। उनका लक्ष्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक समर्थन भी प्रदान करना है। इसके अलावा, सरकारी योजनाएं जैसे कि 'समावेशी शिक्षा', 'पैरा-स्पोर्ट्स' और 'उद्यमिता के अवसर' दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी कदम हैं।

उन्होंने कहा, समाज में समावेशिता की दिशा में कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों का सम्मान करना और उन्हें समान अवसर देना है, ताकि वे जीवन के सभी पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकें। दिव्यांगता का सामना करने वाले लोग हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। हमें उनकी कड़ी मेहनत, साहस और संघर्ष का सम्मान करना चाहिए और समाज में उनके लिए अवसरों को सुलभ बनाना चाहिए। 3 दिसंबर को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और उन्हें समान अधिकार और सम्मान प्रदान करें।

## माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर में अखंड हरि कीर्तन 11 को

**रांची।** माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर, बांस टोली, इटकी रोड में सोमवार को एक बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि आगामी 11 दिसंबर को 24 घंटे के अखंड हरि कीर्तन का आयोजन होगा। कीर्तन का समापन 12 दिसंबर को दिन में 01:00 बजे होगा। 12 दिसंबर को ही दिन में 03:00 बजे से मंदिर परिसर में महाभंडारा का आयोजन होगा। माता वैष्णो देवी मंदिर परिसर में आयोजित अखंड हरि कीर्तन में मशहूर मां कालेश्वरी कीर्तन मंडली ग्रुप हंटरगंज, जोरी के बसंत लाल माधव, रवींद्र शर्मा, सरयू यादव, कालेश्वर यादव, सूर्यदेव यादव आदि कीर्तनकार अपनी कला को प्रदर्शित करेंगे। आज की बैठक में मुख्यरूप से मंदिर के पुजारी सुबोध कुमार मिश्रा, सरयू शर्मा, केपी यादव, जयप्रकाश सिंह, रमाकांत शर्मा, शिव किशोर शर्मा, संतोष शर्मा, सत्यानंद शर्मा, विजय कुमार गुप्ता, नीलेश शर्मा, चंदन विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, माधुरी देवी, ब्यूटी शर्मा, ललिता देवी, स्वीटी शर्मा, निभा मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# रोहित हत्याकांड का खुलासा, दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दुर्गा पूजा के दौरान रोहित तिर्की की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में दो आरोपितों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार हैं। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि विगत 11 अक्टूबर को रोहित तिर्की दुर्गा पूजा घूमने के लिए गया हुआ था। पूजा के दौरान कुछ आपराधिक किस्म के युवकों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद युवकों ने रोहित के साथ मारपीट की। मारपीट में रोहित गंभीर रूप से जख्मी हो गया। रोहित को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। रोहित की हत्या से आक्रोशित परिजनों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर शव के साथ लालपुर चौक को जाम कर दिया था। सिटी एसपी ने बताया कि इस संबंध में लालपुर थाना निवासी मृतक के भाई मोहित तिर्की के बयान के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान में आए तथ्यों के आधार पर और तकनीकी सहयोग से पंडरा ओपी क्षेत्र के पिस्कामोड़ स्थित विकास नगर में छापेमारी कर मंतोष कुमार उर्फ मंटू और आयुष राज उर्फ अंकित कुमार को गिरफ्तार किया। अन्य फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# जंगली हाथियों से परेशान जामपानी स्कूल के छात्रों व ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

## अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा के आश्वासन के बाद टूटा जाम





नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के जामपानी सहित विभिन्न क्षेत्रों में एक हाथी का आतंक जारी है। हाथी का निशाना कभी रायबहार, राजाबासा, मसानिया, जोराम, विद्युत पावर ग्रिड पर होता है. बीते रात जामपानी के अकवन टोली, कटहल टोली मे घरों को ध्वस्त कर घर में रखे भंडारित अनाज को खा गए एवं फसलों को रौंद डाला। लगभग एक सप्ताह पहले एक हाथी जोराम विद्युत पावर ग्रिड में बाउंड्री वॉल को तोड़कर बिजली ग्रिड हाउस में घुस गया। विद्युत कर्मियों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। बीते 14 से 15 दिनों से एक हाथी तबाही मचाई हुए हैं। इसी को लेकर जामपानी के अकवन टोली में सोमवार को स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ ग्रामीणों ने रांची-राउरकेला नेशनल हाईवे मुख्य पथ 143 को लगभग 2 घंटे तक जाम कर दिया।अंचलाधिकारी कमलेश उरांव ,थाना प्रभारी मुरताज अंसारी जामस्थल पर पहुंचे लेकिन रोड जाम नहीं खुल पाए। ग्रामीण वन विभाग के पदाधिकारी को बुलाने पर अड़े हुए थे। सूचना मिलते ही वन विभाग के पदाधिकारी रेंजर शंभू शरण चौधरी एवं एसडीओ अनुराग लकड़ा जाम घटनास्थल पर पहुंचे एवं ग्रामीणों से बात कर नेशनल हाईवे के जाम को खुलवाया। प्रशासन को ग्रामीणों ने दो दिनों में हाथी भगाने का समय दिया है नहीं तो पुनः फिर से नेशनल हाईवे रांची-राउरकेला 143 जामपानी को जाम किया जाएगा। झुंड से बिछड़ा एक हाथी प्रखंड के लिए सर दर्द बना हुआ है। दहशत और डर के माहौल में ग्रामीणों का दिन रात गुजर रहा है। दिन या रात एक हाथी से ग्रामीणों का या स्कूली छात्रों का कभी भी सामना हो जाता है। ग्रामीण या छात्र-छात्राएं किसी तरह जान बचाते हैं। यदि समय रहते हाथी को नहीं भगाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है। ग्रामीणों की माने तो यह हाथी अपने झुंड से लगभग पिछले एक वर्ष से बिछुड़ गया है एवं दिन के आसपास के जंगलों में रहता है एवं रात्रि के समय आसपास के गांव या खेत खलिहान या घरों पर हमला कर देता है। अब तो हाथी इतना भी निडर हो गया है कि दिन में गांव के रास्ते या हाईवे पर आ जाता है। कभी भी ग्रामीण या छात्र-छात्राओं के हाथी से सामना हो जाती है वह अपनी जान बचाकर भागते हैं. ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना है. ग्रामीणों ने क्षेत्र से हाथी भगाने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाए जाने की मांग की है। जामपानी विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नेशनल हाईवे जाम करवाने के संबंध मे उपस्थित शिक्षिका ने बताया छात्र-छात्राएं दूर दराज देहात के क्षेत्रो से विद्यालय आते हैं स्कूल आने जाने के क्रम में झुंड से बिछड़ा एक हाथी कभी भी छात्र-छात्राओं पर हमला कर सकता है। इससे छात्राओं के जान माल की सुरक्षा पर खतरा हो सकता है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे ,जहां पर सभी के प्रयास से जाम को खोला गया।

105,38,39



## ग्रामीणों को लीड्स संस्था ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** सोमवार को जलडेगा प्रखंड के टिकरा गांव में लीड्स संस्था द्वारा कन्वर्जेंस सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था द्वारा जलडेगा प्रखंड के 25 गांव में किए जा रहे गतिविधियों की जानकारी दी गई। संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्रामीणों को मनरेगा, राशन कार्ड, श्रम विभाग, 15वें वित्त आयोग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, उज्जवला योजना तथा ई श्रम कार्ड से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और योजना से मिलने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दिया। वहीं कलिंद्र प्रधान ने ग्रामीणों को कृषि विभाग और आत्मा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और खेती बाड़ी कार्य से अपनी आय को दुगुनी करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को श्रम विभाग में आवश्यक रूप से निबंधन कराने के लिए भी प्रेरित किया गया और ग्राम सभा के कार्य एवं दायित्व के जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि अब हर महिने ग्राम सभा की बैठक की जायेगी और ग्राम सभा बैठक की सूचना हरेक माह डुगडुगी के माध्यम से दी जाएगी।कार्यक्रम में लीड्स संस्था के कलिंद्र प्रधान, सुनीता देवी, फ्रिस्का केरकेट्टा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिमडेगा पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना की पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे उड़ीसा के पुड़िया टिकरा खूंटापाली गांव निवासी सुरेंद्र मेहर नामक व्यक्ति के घर पर जाकर इश्तिहार चिपकाया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर रामनाथ राम ने आरोपी सुरेंद्र के घर पर इश्तिहार चिपकाया। जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस मामले में सुरेंद्र मेहर मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा है और न्यायालय के निर्देश पर उसके घर पर इश्तिहार चिपकाया गया है। उन्होंने कहा कि अगर तय समय के अनुसार सुरेंद्र मेहर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं होता है तो न्यायालय के निर्देश पर विधि संवत आगे की कार्रवाई की जाएगी ।वहीं उन्होंने बताया कि पैसा दुगना करने के मामले में सुरेंद्र मेंहर के द्वारा पैसा का धोखाधड़ी किया था ,जिसके बाद सिमडेगा थाना कांड संख्या 51/23 धारा 419, 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज है ।इश्तिहार चिपकाने के दौरान गांव के ग्रामीण एवं अन्य उपस्थित थे।



## गो तस्करी मामले में फरार आरोपी को भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा के मुफस्सिल थाना की पुलिस ने सोमवार को मवेशी तस्करी के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुफस्सिल थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक ने बताया कि 3 अगस्त 2024 को मुफस्सिल थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित मवेशी तस्करी का मामला दर्ज किया गया था जिसके बाद इस मामले में आरोपी फरार चल रहे थे । इधर मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा लगातार छापेमारी अभियान चलाया गया जिसमें सफलता हासिल करते हुए गुमला जिला के सिसई निवासी मौसिम मीर एवं मुसदिक अंसारी दोनों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुफ्फसिल थाना मामला दर्ज है।

## बीडीओ ने मनरेगा योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**जलडेगा।** प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने जलडेगा पंचायत के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर मनरेगा अंतर्गत संचालित योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिरसा मुंडा हरित ग्राम योजना के लाभुकों यथा राजेंद्र बड़ाइक, सुगंति देवी, अनुराग लुगुन, खीरमुनी देवी, मायावती देवी, देवकी देवी आदि की योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि मायावती देवी की बागवानी योजना बहुत अच्छी तरीके से क्रियान्वित किया जा रहा है। शेष लाभुकों को बागवानी में घास की साफ सफाई करने, उनमें नियमित पटवन करने, एच टेका लगाने का निर्देश दिया गया। वहीं बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत अमित तोपनो और फूल सिंह गोंड के सिंचाई कूप निरीक्षण किया गया जो की भौतिक रूप से पूर्ण है लेकिन पारापेट नहीं बनाया गया है, संबंधित रोजगार सेवक को 15 दिनों के अंदर पारापेट बनवाने का निर्देश दिया गया। जानकारी देते हुए बीडीओ ने बताया कि जलडेगा पंचायत में 100 से ज्यादा आवास योजना (आबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास) मिला है, उन्होंने सभी आवासों में जल्द से जल्द मनरेगा के अंतर्गत डिमांड करते हुए उनके मजदूरी मद का भुगतान प्रारंभ करने का निर्देश रोजगार सेवक को दिया।

## किशोर और किशोरियों को दिया गया प्रशिक्षण

**सेन्हा (लोहरदगा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सहिया व साथिया तथा किशोर-किशोरियों को छह दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक लीलावती देवी, नौमी खाखा, दिव्या किरण, तिलोत्तमा कुमारी, लीलावती कुमारी द्वारा संयुक्त रुप से दिया गया। प्रशिक्षण के क्रम में किशोर किशोरियों को जानकारी देते हुए बताया गया कि स्वास्थ्य, पारस्परिक संबंध, भवनात्मक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य, मूल्य और जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर व लिंग, पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता, मादक पदार्थ की रोक थाम का प्रबंधन, स्वास्थ्य जीवन शैली, प्रजनन क्षमता और एचआइवी का रोक थाम, हिंसा और चोट के खिलाफ सुरक्षा तथा इन्टरनेट और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना सहित विभिन्न बिंदुओं के बारे में बताया गया। साथ ही सहिया व साथिया को मानसिक,भवनात्मक और कल्याण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया।

## छात्रों ने लोगों को दी एड्स की जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग बानो में सोमवार को एड्स दिवस मनाया गया। जिसमें एएनएम एवं जीएनएम की छात्राओं ने स्किट के माध्यम से एड्स कैसे होता है एवं उससे बचाव के बारे में समझाया । जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्राओं ने एड्स के रोगियों से कैसा व्यवहार करना चाहिए ,उसे क्या दवा देनी चाहिए बहुत अच्छी तरह से हेल्थ टॉक के माध्यम से बताया ।निदेशक प्रह्लाद मिश्रा ने कहा कि 1988 ई से पूरे वर्ल्ड में 1 दिसंबर को एड्स दिवस मनाया जाता है। एड्स की खोज वायरोलॉजिस्ट लुक मोंटेक नियर ने 1983 ई. में किया था यह बीमारी एचआईवी से होता है जिसमें शरीर की प्रतिरोधक क्षमता समाप्त हो जाती है भारत में लगभग 25 लाख लोग इस बीमारी से पीड़ित हैं। उन्होंने सभी छात्राओं को कम्युनिटी के माध्यम से लोगों में एड्स के प्रति जागरूकता लाने पर जोर दिया और कहा इस तरह के बीमारियों को शारीरिक से ज्यादा मानसिक रूप से सबल करना जरूरी है। कार्यक्रम में हर्ष राज मिश्रा ने भी एड्स के बारे में समझाया कि यह कैसे बहुत जल्दी शरीर के इम्यून सिस्टम को समाप्त करता है। कार्यक्रम में प्राचार्य एरिन बेट ट्यूटर तनु प्रिया साहू वंदना धनवार मनीषा टोरकोडो, अमृता ,माटिल्डा तिर्की ,लीलावती साहू प्रिया कुमारी, विनीता कुमारी एवं सभी एएनएम जीएनएम की छात्राएं मौजूद थी।

## मिहिला सिपाही ने पुलिस जवान पर यौन शोषण का लगाया आरोप

**सिमडेगा।** सिमडेगा पुलिस लाइन की महिला सिपाही ने पुलिस लाइन के जवान के ऊपर शादी का झांसा देकर 5 सालों तक यौन शोषण का आरोप लगाया है। जिसके बाद सोमवार को सिमडेगा सदर थाना में पीड़िता के लिखित आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस लाइन के जवान अर्जुन सिंह के ऊपर शादी का झांसा देकर 5 सालों तक यौन शोषण और गर्भपात करने का आरोप लगाया है, जिसके बाद इस संबंध में सिमडेगा थाना कांड संख्या 153/24 धारा 376 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है. उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी जवान अर्जुन सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि जो भी तथ्य आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला जज ने की बैठक

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो : पीडीजे

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के सोमवार को प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। पीडीजे के कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों तथा बैंकों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में पीडीजे ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो इसके लिए सभी विभागों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने वन विभाग,भू अर्जन,परिवहन,खनन,श्रम, उत्पाद,विद्युत,बीएसएनएल विभाग सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारियों से कहा कि उनके यहां लंबित मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं और लोगों को राहत दें ताकि लोक अदालत के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। इसके लिए पीडीजे ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि प्राधिकार के माध्यम से लोगों को नोटिस जारी करें और थाना के सहयोग से नोटिस की तमिला कराएं। प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम को पीडीजे ने निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों से समन्वय बनाते हुए सभी पक्षकारों को नोटिस जारी कराएं ताकि लोग राष्ट्रीय अदालत में वे पहुंचकर अपने मामलों का निष्पादन कराएं। बैठक में पीडीजे ने कहा कि सितम्बर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निष्पादन में झालसा पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा। इसके लिए जिले के सभी विभाग और बैंक के अधिकारी बधाई के पात्र हैं। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी,जिला परिवहन पदाधिकारी,ईई बीएसएनएल,प्रबंधक केनरा बैंक और इंडियन बैंक के उपस्थित नहीं रहने पर पीडीजे ने नाराजगी व्यक्त की। बैठक में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नरंजन सिंह, सीजेएम मनीष कुमार सिंह,प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुभाष बाड़ा सहित विभिन्न विभागों और बैंकों के अधिकारी मौजूद थे।

## कचरा जमा करने का ग्रामीणों ने किया विरोध

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर परिषद द्वारा सिमडेगा शहर से दूर टापूडेगा में कचरा जमा करने के लिए डंपिंग यार्ड हेतु जमीन की खरीदी की है। जिस पर सोमवार को कचरा जमा करने के लिए वाहन लेकर गए जिसका ग्रामीणों के द्वारा जमकर विरोध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर परिषद द्वारा पुलिस बल का सहारा लिया लेकिन इसके बावजूद ग्रामीणों के द्वारा उग्र तरीके से प्रदर्शन किया और कचरा गिरने से पूरी तरह से रोक लगा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर कचरा गिरने नहीं दिया जाएगा। गांव के ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर जब रीसायकल प्लांट बन जाएगा उसके बाद अगर कचरा का रीसायकल हो तब तक यहां पर कचरा का डंपिंग नहीं करने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर अभी से ही कचरा डंपिंग कर देने से गंदगी और बदबू से लोगों का जीना मुहाल हो जाएगा और शहर का कचरा गांव क्षेत्र में लाने से पर्यावरण प्रदूषण होगा, जिसको लेकर गांव के लोगों में आक्रोश है ।इधर काफी देर तक सिमडेगा नगर परिषद के पदाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों का समझने का प्रयास किया लेकिन लगातार समझने का बावजूद ग्रामीण और उग्र होते गए जिसके नगर परिसर सिमडेगा पीछे हटी और सभी वाहनों को वापस ले आई ।इधर नगर परिषद प्रशासक ने कि शहर के अन्य जगहों पर भी कचरा का उठाकर डंप करने के लिए स्थान नहीं होने की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। पूर्व में पर्यटन स्थल केलाघाघ डैम किनारे कचरा डंप किया जाता था जिस पर उपायुक्त सिमडेगा के द्वारा मना किया गया है। जिसके बाद से सिमडेगा बाजार के पास जमा किया जाता है जो की पूरी तरह से भर गया है। इसके अलावा अन्य जगहों पर कचरा रखने के लिए स्थान नहीं है ,जिसकी वजह से शहर के लोगों का कचरा उठाव नहीं हो रहा है और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पंजाब काम करने गए मजदूर का शव पहुंचा गांव, गांव में मातम

**बानो।** काम के तलाश में पंजाब गए मजदूर का पंजाब में मौत होने के बाद कम्पनी के सहयोग से सोमवार को मजदूर का शव बानो के महबुवांग पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार महबुवांग बुकाटोली निवासी नगरू सिंह तीन महीना पहले पंजाब कमाने के लिए गया था। वहां एक कम्पनी में काम करने के दौरान नगरु सिंह के ऊपर सरिया गिर जाने से उसकी मौत हो गई। जिसका शव सोमवार को घर पहुंचा। शव के घर पहुचने से परिवार वालों का रो कर बुरा हाल है। बताया गया कि मृत मजदूर का शव भवानी कम्पनी ने घर भेजा। शव के महाबुवांग पहुंचने से पूरे गांव में मातम छा गया। महबुवांग के वार्ड सदस्य संदीप समद ने बताया कि घर में कमाने वाला एक मात्र व्यक्ति था।

## दो बाइक की टक्कर में चार लोग घायल

**भंडरा।** रांची-लोहरदगा मुख्य पथ के कचमची गांव के समीप सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए, सभी घायलों का इलाज भंडरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। घायलों में भरनो थाना क्षेत्र के अमलिया गांव निवासी वहीं दूसरी बाइक सवार डुमरी गांव निवासी विशाल उरांव व चंद्रेश उरांव शामिल हैं।

## हाथी प्रभावित लोगों की सुरक्षा को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में हाथी द्वारा किए जा रहे क्षति को लेकर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद शमी आलम के नेतृत्व में उपायुक्त एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र के द्वारा कहा गया कि क्षेत्र में हाथी द्वारा फसल एवं घरों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है लोग भयभीत हैं। जान माल का खतरा बना हुआ है, इसलिए जिला प्रशासन एवं वन विभाग अविलंब सुरक्षा के दृष्टिकोण से हाथी भगाओ दल का व्यवस्था करें और हाथियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने का काम करें। साथ ही साथ जिन गरीब मजदूर किसानों की क्षती हुई है चाहे फसल की क्षति हो या घरों की क्षति हो उसे उसका मुआवजा अभिलंब भुक्त भोगी को दिया जाए। बताया गया कि ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत जोराम ,जामपानी, अकवनटोली, कटहल टोली, खुड़ेड़बहार, कहुपानी, एवं जलडेगा प्रखंड के ओड़का, परबा, ड्यूरिंग धवरंजन आदि स्थानों पर हाथी द्वारा बृहत पैमाने पर क्षति पहुंचाया गया है। प्रतिनिधि मंडल में जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, जिला सचिव सह प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज, उपाध्यक्ष फ्रांसीस बिलुंग, घुटबहार पंचायत अध्यक्ष सुनील जोजो, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

### जेंडर आधारित 16 दिवसीय पखवाड़ा का समापन

## अधिकारियों को बांधा गया बैंड

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** छोटानागपुर कल्याण निकेतन द्वारा सोमवार को सिमडेगा में 16 दिवसीय पखवाड़ा मनाया गया। जिसमें जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं रिश्ट बैंड अधिकारियों को बांधा गया। इस कार्यक्रम में डीसीपीयू कार्यालय में बैठक की गई, जिसमें पीएलवी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, बालिका गृह की इंचार्ज, चाइल्ड लाइन के सदस्य सदानंद एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। बाल कल्याण समिति सदस्य जॉन कण्डुलना ने बताया कि हमारे समाज में लड़का और लड़की को लेकर बहुत सी असमानताएं हैं। ये सामाजिक हिंसा हमारे घर से शुरू होती है, इसलिए सबसे पहले हमें अपने परिवार से ही सुधारना शुरू करना होगा। कार्यक्रम के बाद, संस्था के सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ऑफिस में जाकर सभी वरीय अधिकारी तथा संबंधित स्टॉफ को रिश्ट बैंड बांधा गया और जेंडर आधारित हिंसा को खत्म करने में सहयोग करने के लिए सभी महिलाओं द्वारा अपील की गई।

## मंईयां सम्मान योजना की किस्त के लिए बीडीओ से मिली महिलाएं

नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा (लोहरदगा)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की किस्त नही आने पर महिलाएं गोलबंद हो कर प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराते हुए निदान करने का गुहार लगाया। उक्त मामला सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु पंचायत ग्राम में देखने को मिला। सोमवार को दर्जनों महिलाएं गोलबंद हो प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू को आवेदन दे अवगत कराया। वहीं बताया कि मंईयां सम्मान योजना का पैसा पूर्व में किसी को दो किस्त किसी को तीन किस्त कुछ लोगो को चौथा किस्त भी डाला गया है। परन्तु बहुत ऐसे महिलाएं हैं जिनका एक भी किस्त नही डाला गया है। जिनका दो किस्त डाला गया है। उनके खाते में पैसा नही आ रहा है। महिलाओं ने कहा कि चार दिन से हम सभी महिलाएं घरेलू कार्य छोड़ कर बैंक व ब्लॉक दौड़ रहें है ।परंतु संतोषजनक बात नही बताया जा रहा है। बैंक में जाने पर खाता को आधार से जोड़ने की बात कहा जाता है। [रखंड जाने पर कहा जाता है की जिस महिला नाम लिस्ट में होगा उसी को लाभ दिया जायेगा।

